क्रम संख्या–14

पंजीकृत संख्या–यू०ए० / डी०ओ० / डी०डी०एन०–30 / 2012–14
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

# सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

## उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

## असाधारण

### विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, सोमवार, 27 जनवरी, 2014 ई0

माघ 07, 1935 शक सम्वत्

**उत्तराखण्ड शासन**

**विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग**

संख्या 34 / XXXVI(3) / 2014 / 04(1) / 2014

देहरादून, 27 जनवरी, 2014

**अधिसूचना**

**विविध**

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन महामहिम राज्यपाल ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित **"उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2014"** पर दिनांक 27 जनवरी, 2014 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या 03 वर्ष, 2014 के रूप में सर्व–साधारण को सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

# उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2014
# (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या–03 वर्ष 2014)

(भारत गणराज्य के चौंसठवें वर्ष में उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा अधिनियमित)
उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में अग्रेत्तर संशोधन के लिए–

## अधिनियम

| | | |
|---|---|---|
| संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ | 1. | (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2014 है।<br>(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा। |
| धारा 62 का संशोधन | 2. | उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 की धारा 62 में निम्नवत एक परन्तुक जोड दिया जायेगा, अर्थात–<br>"परन्तु यह कि प्रथम कुलपति का कार्यकाल विशेष परिस्थितियों में एक वर्ष की अवधि के लिए बढाया जा सकेगा"। |
| निरसन एवं व्यावृत्ति | 3. | (1) उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2013 (अध्यादेश संख्या 5 वर्ष 2013) एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।<br>(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी, उक्त अध्यादेश के अधीन की गयी कोई बात या कार्यवाही इस अधिनियम के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन की गयी समझी जायेगी। |

आज्ञा से,

के0डी0 भट्ट,
प्रमुख सचिव।